# आकाशवाणी शिमला
## 22.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**इस्तीफा**

प्रदेश में चल रहे मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच आज तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सदस्यता से अपना इस्तीफा दे दिया है। इन तीनों विधायकों ने शिमला में विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा को अपना–अपना इस्तीफा सौंपा। इन विधायकों में देहरा विधानसभा क्षेत्र से होशियार सिंह, नालागढ़ से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये तीनों विधायक भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इन तीनों विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई विधानसभा सीटों पर फिर से चुनाव होंगे। इसके साथ ही अब कुल 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना तय माना जा रहा है। इस्तीफा देने के बाद तीनों निर्दलीय विधायकों ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया कि पिछले 15 महीने से उनके विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य रूक गए थे और उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके चलते उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विकास के हित में ये फैसला लिया है। इन विधायकों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बदले की राजनीति कर रहे हैं और उनके उपर एफआईआर की जा रही है। निर्दलीय विधायकों ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए जल्द ही भाजपा के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने के निर्णय को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों के समय भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी भी कीमत में चुनाव जीतना चाहती और विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है। दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी फंड को सीज करने को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि चुनावों के समय खातों को सीजकर अलोकतांत्रिक कारवाई की गई है ताकि पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए फंड न दे सके। इस दौरान तीन आज़ाद प्रत्याशियों के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद उम्मीदवारों को क्यों इस्तीफा देने की ज़रूरत पड़ी है। उन्होंने कहा कि आज़ाद विधायक पर सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है लेकिन इनके इस्तीफे से साफ जाहिर है कि निर्दलीय विधायकों ने किसी प्रलोभन में आकर अपना इस्तीफा दिया है। सुखविंदर सुक्खू ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत कारवाई करार देते हुए कहा कि चुने हुए प्रतिनिधि और पद की गरिमा को अपमानित किया गया है।

**शिविर**

कमांड आपरेशन सद्भावना के तहत भारतीय सेना की ट्राइपिक्स बिग्रेड द्वारा जनजातीय क्षेत्र जिला किन्नौर के नामझा गांव में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर–दराज के क्षेत्रों से आकर ग्रामीणों ने चिकित्सा जांच करवाई। इस दौरान चिकित्सकों ने ग्रामीणों को जांच के साथ–साथ आवश्यक निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की। भारतीय सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में दंत, चमड़ी रोग विशेषज्ञ व महिला रोग विशेषज्ञों सहित अन्य चिकित्सकों ने एक सौ चार लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को स्वच्छता, पोषण व निवारक स्वास्थ्य देखभाल उपायों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**शोभायात्रा**

चार दिवसीय राज्य स्तरीय पालमपुर का होली महोत्सव भव्य शोभायात्रा के साथ आज शुरू हुआ। शोभा यात्रा में अतिरिक्त उपायुक्त सौरव जस्सल सहित अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पालमपुर में होली उत्सव सैंकड़ों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है और यह लोगों की आस्था से जुड़ा पर्व है। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में सभी से मतदान करने की अपील की। बाद में उन्होंने होली महोत्सव के तहत आयोजित महादंगल प्रतियोगिता का भी शुभारम्भ किया।

**होली उत्सव**

उधर हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर में मनाया जाने वाला राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव कल से 26 मार्च तक मनाया जाएगा। हमीरपुर के अतिरिक्त ज़िला दण्डाधिकारी मनेश यादव ने बताया कि होली उत्सव के लिए ज़िला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कल इस उत्सव का शुभारम्भ करेंगे जबकि 26 मार्च को मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मनेश यादव ने बताया कि लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत मेले के दौरान स्वीप कार्यक्रम से संबंधित जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

**दुर्घटना**

मंडी से कुल्लू वाया कमांद–कटौल–टिहरी सड़क पर आज सुबह 4 बजे बरोगी के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक पंजाब के रोपड़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सभी पनीर की सप्लाई लेकर आए थे और बजौरा में सप्लाई छोड़ने के बाद कटौला व कटिंडी में सप्लाई छोड़ने जा रहे थे।